भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1514
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

वाई-20 की सिफारिश

1514. श्री राजेश वर्मा :
श्री सुनील बाबूराव मेंढे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वाई- 20 सिफारिशों पर कार्य कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) युवाओं के लिए आजीवन प्रशिक्षण कार्यबल की तैयारी, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग और सतत वित्तियन को किन सिफारिशों के अनुरूप किस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है और योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख) : जी हां । वाई20 की सिफारिशें क्रॉस-कटिंग हैं जिनका सभी जी20 सदस्यों और पर्यवेक्षकों पर प्रभाव पड़ता है । युवाओं के लिए आजीवन सीखने, कार्यबल तैयार करने, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग और स्थायी वित्तपोषण को कार्यान्वित करने और इसे बढ़ावा देने के लिए युवा कार्यक्रम विभाग अन्य सरकारी विभागों, इस मंत्रालय के युवा संगठनों अर्थात राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) के साथ समन्वय में कार्य कर रहा है । इसके अलावा, इस विभाग ने माई भारत पोर्टल (मेरा युवा भारत पोर्टल) भी विकसित किया है जो 'समग्र सरकार के दृष्टिकोण' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित एक प्रौद्योगिकी संचालित प्लेटफॉर्म है जिसका लक्ष्य युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने, स्वयंसेवी प्रयासों को बढ़ावा देने, मेंटोरशिप की सुविधा प्रदान करने और युवाओं को सामुदायिक कार्यों में शामिल करने के लिए समान अवसर प्रदान करना है ।

****